# लघु उद्योगों को प्लेटफार्म हमारी जिम्मेदारी : ब्रजेश



लघु उद्योग भारती यूपी की ओर से रविवार को आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। • हिन्दुस्तान

**सम्मेलन**

लखनऊ, संवाददाता। लघु उद्योग मानव जीवन को सीधे प्रभावित करता है। अशोक मसाले के संस्थापक पहले हल्दी और धनिया कूट-कूट के बेचते थे। आज लघु उद्योग के रूप में खाने-पीने में मसालों में वह सबसे ऊपर है। हमारी जिम्मेदारी है कि सभी लघु उद्योगों को प्लेटफार्म मिले। ये बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में रविवार को कहीं। लघु उद्योग भारती यूपी की ओर से रविवार को आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन (उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड) एवं उद्यमी महाधिवेशन में उप मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। उन्होंने अशोक मसाले के संस्थापक के साथ अपनी एक पुरानी मुलाकात की याद साझा की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उद्यमियों के सहयोग से ही कार्य करेगी। मांगों को लेकर आश्वासन दिया कि समस्याएं तत्काल निस्तारित कराई जाएंगी। दूसरे सत्र में लघु उद्योग भारती के प्रदेश कोषाध्यक्ष रमन चावला व सहकोषाध्यक्ष राघव सिंह ने संगठन की वित्तीय स्थिति की जानकारी दी।

## यूपी में 44 लाख करोड़ निवेश प्रस्ताव : सचान

कैबिनेट मंत्री खादी, ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा व वस्त्रोद्योग राकेश सचान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 44 लाख करोड़ के पूंजी निवेश प्रस्ताव आए हैं। अन्य 15 हजार करोड़ के प्रस्ताव निकट भविष्य में आने की संभावना है। प्रदेश की उत्तम कानून, रोड, हाईवे, रेलवे व विमान सेवाओं का निरन्तर विस्तार हुआ, इससे बाहरी उद्यमी निवेश को प्रोत्साहित हो रहे हैं।